सोना चांदी सर्वोच्च शिखर पर | चांदी 380000 पार | सोना 162000 पार

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 194 | इंदौर, बुधवार 28 जनवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## विमान हादसे में अजित पवार का निधन

### क्रैश लैंडिंग में गई जान

**मुंबई, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के बारामती में उप मुख्यमंत्री अजित पवार का विमान हादसे का शिकार हो गया। लैंडिंग के वक्त विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। जिसमें डिप्टी सीएम अजित पवार का निधन हो गया। इस हादसे में चार अन्य लोगों की भी जान चली गई। निजी विमान एयरपोर्ट पर उतरते समय क्रैश हुआ है। अजित पवार जिला परिषद चुनावों को लेकर आज (बुधवार) बारामती आ रहे थे। घटनास्थल से वीडियो भी सामने आया है। जो कि काफी डरावनी है। घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ मौजूद हैं। विमान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है।



न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक मुंबई से बारामती जा रहा चार्टर प्लेन बारामती में सुबह 8.45 बजे क्रैश लैंड हुआ। डीजीसीए (नागरिक उड्डयन महानिदेशालय) ने घटना को लेकर बताया कि बारामती क्रैश लैंडिंग में उपमुख्यमंत्री अजित पवार, 2 और लोगों (1 पीएसओ और 1 अटेंडेंट) और 2 क्रू (PIC+FO) सदस्यों के साथ विमान में सवार थे। विमान में सवार कोई भी व्यक्ति इस दुर्घटना में जीवित नहीं बचा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दोनों ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से संपर्क किया और बारामती प्लेन क्रैश के बारे में जानकारी और अपडेट लिए हैं।

### चंडीगढ़ में हड़कंप

## बम की धमकी मिलने के बाद खाली करवाए सभी स्कूल, सुबह साढ़े पांच बजे आई मेल




**चंडीगढ़, (एजेंसी)** चंडीगढ़ के कई सरकारी और निजी स्कूलों को बुधवार सुबह धमकी भरे ईमेल मिले। जैसे ही स्कूल प्रबंधकों को इस बारे में सूचना मिली तो हड़कंप मच गया। प्रबंधकों की तरफ से पुलिस को सूचना दे दी गई है। इसके बाद सभी स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। सूचना मिलते ही बम डिटेक्शन की टीम और पुलिस की गाड़ियां स्कूलों में पहुंची और बच्चों को छुट्टी करवाकर परिसर में सर्च अभियान शुरू कर दिया गया है।

जिन स्कूलों को धमकी मिली है, उनमें सेक्टर 16, 19, 22, 47 के सरकारी स्कूल, सेक्टर 49 का रयान स्कूल, सेक्टर 45 का सेंट स्टीफन स्कूल, भवन विद्यालय 27, आशियाना 46, टेंडर हार्ट सेक्टर 33, एसडी 32, सेंट जेवियर 44, विवेक 38 और सेक्टर सात का केबी डीएवी स्कूल शामिल है।

बताया जा रहा है कि धमकी भरी ईमेल सुबह पांच बजकर 21 मिनट पर आई है। वहीं सूचना ये भी आ रही है कि पुलिस कंट्रोल रूम को लगातार स्कूलों से धमकी भरे ईमेल आने की जानकारी दी जा रह रही है। अब तक 15 स्कूलों की तरफ से धमकी मिलने की शिकायत कही गई है। पुलिस के पास लगभग हर एक मिनट में कॉल आ रहा है।

चंडीगढ़ में बम से उड़ाने की सूचना बार-बार आ रही है। इससे पहले हाईकोर्ट को दो बार, जिला अदालत को दो बार, होटल ललित, होटल हयात और सेक्टर 10 म्यूजियम को भी धमकी आ चुकी है। अब तक पुलिस किसी भी मामले को ट्रेस नहीं कर पाई है।

### कैबिनेट के बड़े फैसले

# पचमढ़ी नजूल क्षेत्र अभयारण्य से बाहर, सिंचाई-रोजगार-वन विकास पर हजारों करोड़ की मंजूरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में राज्य के विकास, पर्यावरण संरक्षण, सिंचाई और रोजगार से जुड़े कई अहम निर्णय लिए गए। कैबिनेट ने पंचमढ़ी नगर के नजूल क्षेत्र को अभयारण्य सीमा से बाहर करने से लेकर टाइगर रिज़र्व के बफर क्षेत्रों के विकास और युवाओं को विदेश में रोजगार दिलाने तक के प्रस्तावों पर मुहर लगाई।**

कैबिनेट ने पंचमढ़ी नगर के साडा (SADA) के नियंत्रण वाली नजूल भूमि को संशोधित करते हुए 395.939 हेक्टेयर क्षेत्र को पंचमढ़ी अभयारण्य से बाहर कर राजस्व नजूल घोषित करने की स्वीकृति दी। इस फैसले से पंचमढ़ी के शहरी क्षेत्र में विकास कार्यों का रास्ता साफ होगा। इससे पहले तकनीकी कारणों और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के चलते यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही थी।

### 390 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति

बैठक में वन विभाग के प्रस्ताव पर प्रदेश के 9 टाइगर रिजर्व के अंतर्गत बफर क्षेत्रों के विकास के लिए अगले पांच वर्षों (2026-27 से 2030-31) के लिए 390 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई। इस योजना के तहत संवेदनशील इलाकों में चेनलिंक फेंसिंग, वन्यप्राणी सुरक्षा, चारागाह और जल स्रोतों का विकास, अग्नि सुरक्षा, वन्यप्राणियों का उपचार, स्वास्थ्य परीक्षण और स्थानीय लोगों के कौशल उन्नयन जैसे कार्य किए जाएंगे। नर्मदापुरम जिले में सिंचाई सुविधा बढ़ाने के लिए भी कैबिनेट ने दो बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी है। तवा परियोजना की दाईं तट नहर से जुड़ी इन योजनाओं पर कुल 215 करोड़ 47 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे, जिससे 63 गांवों को सीधा लाभ मिलेगा।



### मंत्रि-परिषद बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय

1. पंचमढ़ी नगर की 395.939 हेक्टेयर नजूल भूमि को अभयारण्य क्षेत्र से बाहर कर राजस्व नजूल घोषित करने की स्वीकृति।
2. प्रदेश के 9 टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्रों के विकास के लिए 390 करोड़ रुपये की मंजूरी।
3. नर्मदापुरम जिले की दो सिंचाई परियोजनाओं के लिए 215 करोड़ 47 लाख रुपये की स्वीकृति।
4. तवा परियोजना से 63 गांवों को सिंचाई सुविधा का लाभ।
5. जनजातीय कार्य, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति और राजस्व विभाग की 17 योजनाओं को जारी रखने के लिए 17,864 करोड़ 26 लाख रुपये की मंजूरी।
6. अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए "विदेश में रोजगार नियोजन योजना 2025" को स्वीकृति, तीन साल में 1,800 युवाओं को विदेश भेजने का लक्ष्य।
7. सरकार का कहना है कि इन फैसलों से एक ओर पंचमढ़ी और वन क्षेत्रों में संतुलित विकास होगा, वहीं दूसरी ओर सिंचाई, रोजगार और सामाजिक योजनाओं के जरिए प्रदेश की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को मजबूती मिलेगी।

### योजनाओं को निरंतर जारी रखने के लिए भी बड़ा बजट

इसके अलावा सामाजिक और कल्याणकारी योजनाओं को निरंतर जारी रखने के लिए भी बड़ा बजट स्वीकृत किया गया है। जनजातीय कार्य विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग और राजस्व विभाग की 17 योजनाओं को वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक जारी रखने के लिए कुल 17,864 करोड़ 26 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है।

### पिछड़ा वर्ग की पुरानी योजना में बदलाव

युवाओं के रोजगार को लेकर कैबिनेट ने पिछड़ी वर्ग की पुरानी योजना में बदलाव करते हुए नई योजना को मंजूरी दी। अब "बेरोजगार युवक-युवतियों को विदेश में रोजगार उपलब्ध कराने की योजना 2022" के स्थान पर "अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए विदेश में रोजगार नियोजन योजना 2025" लागू की जाएगी। इसके तहत तीन वर्षों में 45 करोड़ रुपये खर्च कर हर साल 600 युवाओं को विदेश में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

# सिलिकॉन सिटी में माँ नर्मदा जन्मोत्सव का भव्य श्रद्धामय एवं ऐतिहासिक दो-दिवसीय आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सिलिकॉन सिटी में दिनांक 26 जनवरी 2026 को ब्रह्म शंकरी सेवा समिति के तत्वावधान में श्रद्धा, भक्ति एवं सामाजिक समरसता के साथ माँ नर्मदा जन्मोत्सव का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन दो दिवसीय रहा, जिसमें समाज के सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। आयोजन की सफलता संस्था के सभी सदस्यों की मेहनत, लगन एवं समर्पण का सशक्त प्रमाण रही, जो समाज की एकता और संगठनात्मक सामर्थ्य को दर्शाती है।**






प्रथम दिवस माँ नर्मदा की भक्ति एवं साधना को समर्पित रहा। इस अवसर पर भाई हेमंत बर्वे, भाई नीरज शर्मा, भाई आलोक शर्मा एवं उनकी टीम के सान्निध्य में श्रद्धापूर्वक सुंदरकांड पाठ, नर्मदाष्टक पाठ एवं माँ नर्मदा आरती का आयोजन किया गया। वातावरण पूर्णतः भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत रहा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए कड़ी खिचड़ी के सुस्वादु प्रसाद का वितरण किया गया।

द्वितीय दिवस पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। ढोल-नगाड़ों, डी.जे., बग्गी तथा माँ नर्मदा के अलौकिक रूप से सुसज्जित भव्य रथ ने शोभा यात्रा को विशेष आकर्षण प्रदान किया। शोभा यात्रा मार्ग में भाई आशीष कानूनगो, भाई प्रकाश बर्वे एवं भाई निखिल जोशी द्वारा पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया तथा स्वल्पाहार की सुंदर व्यवस्था की गई।

कार्यक्रम में महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव जी, महासभा अध्यक्ष श्री राजेश बड़ोले जी, महिला महासभा अध्यक्ष श्रीमती शीतल डोंगरे जी, श्रीमती जूही भार्गव , इंदौर इकाई महिला संगठन अध्यक्ष श्रीमती वर्षा शर्मा जी, पूर्व विधायक श्री जीतू जिराती जी, समाजसेवी श्री कपिल चौधरी जी एवं राऊ सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष श्री अनिल जोशी जी की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गौरव प्रदान किया।

दूर-दूर से पधारे विशिष्ट स्वजनों में पंडित मधुसूदन उपाध्याय जी, श्री विजय बड़ोले जी, श्री शैलेंद्र अत्रे जी, श्री संजय खले जी, श्री एम.डी. मोयदे जी, श्री राधेश्याम सोहनी जी, श्री अनिल पटेल जी, श्री पुरुषोत्तम जोशी जी, श्री सचिन अत्रे जी, श्री सुनील शर्मा (खरगोन), श्री गणेश भारद्वाज जी




एवं श्री महेंद्र उपाध्याय जी की उपस्थिति आयोजन की गरिमा को और अधिक बढ़ाने वाली रही।

कार्यक्रम के अंतर्गत प्रूडेंशियल किड्स विद्यालय के श्री अमिताभ बर्वे जी के सौजन्य से समाज के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।

माँ नर्मदा की प्रतिमा के श्रृंगार हेतु सामग्री भाई सुबोध पगारे द्वारा श्रद्धापूर्वक प्रदान की गई, जिसके लिए समिति द्वारा उनका आभार व्यक्त किया गया।

आयोजन का कुशल संचालन पूजा वारचे, आकाश सरमंडल एवं शिवम द्वारा किया गया। संस्था एवं माँ नर्मदा मंदिर की जानकारी शैलेंद्र पारे द्वारा दी गई तथा आयोजन का आभार प्रदर्शन आशुतोष वारचे द्वारा किया गया।

आयोजन में भोजन व्यवस्था का संचालन अत्यंत सुव्यवस्थित रूप से किया गया, जिसमें भाई मुकेश तारे, भाई श्याम महोदय, भाई पंकज शर्मा, भाई रुपेश उपाध्याय, भाई प्रेमनारायण अत्रे, भाई प्रमोद शर्मा, भाई अखिलेश शर्मा, भाई दीपांशु बर्वे, भाई अमित शर्मा, भाई संदीप नेगी, भाई अम्बर बिल्लौरे एवं भाई वरुण वारचे , भाई प्रीतेश शर्मा ,भाई विनोद शर्मा ,भाई शिवम अत्रे ,का सराहनीय योगदान रहा। मां नर्मदा की मूर्ति की श्रृंगारित करने में श्रीमती निमिषा पारे , श्रीमती सोनाली सरमंडल , श्रीमती अनामिका महोदय , श्रीमती पुष्पा दफ्तरी एवं स्वाति वशिष्ठ ने सहयोग किया । सभी उपस्थित स्वजनों ने माँ नर्मदा के भोजन प्रसाद को श्रद्धा एवं आनंद के साथ ग्रहण किया।

माँ नर्मदा जन्मोत्सव का यह आयोजन अपने आठवें वर्ष में भी अपार जनसमर्थन, भक्ति भाव और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। आयोजन समिति ने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने वाले सभी बंधु-बांधवों तथा माँ नर्मदा मंदिर निर्माण हेतु सहयोग की घोषणा करने वाले सभी सहयोगियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

समिति ने माँ नर्मदा से समाज में एकता, सद्भाव एवं कल्याण की मंगलकामना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

## भागीरथपुरा में दूषित पानी से मौतों पर सुनवाई

### रिपोर्ट पर गंभीर चिंता जताते हुए उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों को लेकर दायर जनहित याचिकाओं पर मंगलवार (27 जनवरी) को हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी की पीठ ने प्रस्तुत रिपोर्ट पर गंभीर चिंता जताते हुए उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठाए। हाईकोर्ट ने निर्देश दिए कि रिपोर्ट की विश्वसनीयता सिद्ध करने के लिए अधिक उपयुक्त, ठोस और प्रामाणिक दस्तावेज प्रस्तुत किए जाएं।**

न्यायमूर्ति शुक्ला ने अंतरिम राहत के स्वरूप पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने सवाल उठाया कि समिति अपने सुझावों का प्रभावी और निष्पक्ष क्रियान्वयन किस प्रकार सुनिश्चित करेगी। पीठ ने क्षेत्र में लगातार हो रही मौतों और उनके कारणों की अनिश्चितता को अत्यंत चिंताजनक बताया। कोर्ट ने रिपोर्ट में प्रयुक्त "वर्बल ऑटोप्सी" शब्द पर आपत्ति जताते हुए उसकी



चिकित्सकीय, वैज्ञानिक और विधिक विश्वसनीयता पर प्रश्न उठाए। अदालत ने यह भी पाया कि रिपोर्ट में मौतों के कारण स्पष्ट रूप से दर्ज नहीं हैं और उसमें पर्याप्त तर्क एवं सहायक सामग्री का अभाव है। हाईकोर्ट ने रिपोर्ट को अस्पष्ट बताते हुए उसे मात्र एक "आई-वॉश" करार दिया। न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला ने नगर निगम को निर्देशित किया कि वरिष्ठ अधिवक्ता द्वारा सुझाए गए परीक्षणों पर गंभीरता से विचार किया जाए और न्यायालय द्वारा उठाई गई सभी चिंताओं का स्पष्ट एवं ठोस उत्तर प्रस्तुत किया जाए।इसके अलावा, सुनवाई के दौरान कोर्ट ने न्यायालय परिसर में स्वच्छता और जल की स्थिति का भी संज्ञान लिया और संबंधित अधिकारियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## मारवाड़ी प्रतियोगिता में बाहुबली और दुर्गाभारत रहे प्रथम

### सेंट्रल इंडिया हार्स शो में पंजाब-राजस्थान समेत 7 राज्यों के घोड़े - घोड़ियां हुए शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर में पहली बार हो रहे सेंट्रल इंडिया हॉर्स शो का आयोजन गांधीनगर ग्राउंड पर देवी अहिल्या हॉर्स सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित किया गया, इसमें मध्यप्रदेश, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और हरियाणा सहित 7 राज्यों के घोड़े और घोड़ियां उनके मालिक लेकर आए। इन घोड़ों और घोड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। आयोजन में दूसरे दिन मारवाड़ी टीथ फिली प्रतियोगिता में जहां राजस्थान की घोड़ी दुर्गाभारत ने प्रथम स्थान पाया, वहीं मारवाड़ी कोल्ट टीथ प्रतियोगिता में गुजरात के घोड़ा बाहुबली नंबर वन पर आया।

आयोजक पवन सिंह चावड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन में दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में मप्र के कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट, मितेश रावल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा,विशाल पटेल, संजय शुक्ला, निशांत खरे , जीतू जिराती, श्रीमती माला ठाकुर, महेंद्र



सिंह सोनगरा, जीवन सिंह शेरपुर, दीपक जैन, हवनसिंह चावड़ा, शुभमसिंह चावड़ा, अंकित सिंह चौहान, हिम्मत पूरी, अनुराग राठौर, रवि सिंह चावड़ा, मौजूद थे।

**यह रहे विजयी** – दूसरे दिन आयोजित की गई मारवाड़ी मिल्की टीथ फिली प्रतियोगिता में प्रथम राजस्थान के सिकंदर की दुर्गा भारत, द्वितीय अहमदाबाद गुजरात की रूक्शमणीऔर तीसरे स्थान पर राजस्थान की पारसमणी रही। इसी प्रकार मारवाड़ी कोल्ट टीथ प्रतियोगिता में गुजरात के तेजस पटेल के बाहुबली प्रथम, खजराना इंदौर के बब्बू का के जान द्वितीय तथा रूपेश पाटीदार रंगवासा इंदौर का पोरस तृतीय रहा।

**नृत्य में राजस्थान के राणा ने किया अचंभित** – रिंग में नृत्य प्रतियोगिता भी आयोजित किए, जिसमें राजस्थान के राणा नामक घोड़े ने एक से एक करतब दिखाकर सभी को अचंभित कर दिया।

**बनाया स्टेडियम और गैलरी** – श्री चावड़ा के मुताबिक आयोजन के लिए एक छोटा स्टेडियम तैयार किया गया, जिसमें दर्शकों के लिए गैलरी और बीच में प्रतियोगिता रिंग बनाई गई। रिंग में केवल चयनित घोड़े और उनके मालिकों को ही प्रवेश दिया गया।

**घोड़े के संरक्षण के प्रति जागरूकता उद्देश्य** – आयोजक पवन सिंह चावड़ा ने बताया कि इस दो दिनी शो में देश के 7 राज्यों से 225 से अधिक मारवाड़ी (अलग-अलग रंगों के) और नूकरा (स्टेलियन ) नस्ल के घोड़े शामिल हुए हैं। घोड़ों की शान, चाल, बनावट और ट्रेनिंग को लेकर पहले दिन अलग-अलग कैटेगरी की कॉम्प्टिशन हुई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आयोजन का उद्देश्य भारतीय घुड़सवारी संस्कृति को बढ़ावा देना और पारंपरिक घोड़ा नस्लों के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है। उम्मीद है कि यह हॉर्स शो हर साल होकर इंदौर को अश्व खेलों के मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाएगा।

**बड़ी संख्या में पहुंचे अश्वप्रेमी** – हार्स शो में दूसरी दिन भी बड़ी संख्या में अश्वप्रेमी दिखाई दिए जो रिंग के चारों ओर मौजूद थे। कई घोड़े बच्चे प्रतियोगिता में शामिल हुए, कई घोड़ों की लाखों से लेकर करोड़ों में बोली लगी, लेकिन इनके अश्वप्रेमी मालिकों ने इन्हें देने से इनकार कर दिया।

# बैंककर्मियों की हड़ताल

## गांधी हाल में किया प्रदर्शन, 5-डे वीक वर्किंग की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** **बैंकों में 5 डे वीक वर्किंग यानी, पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह की मांग को लेकर मंगलवार को इंदौर के बैंककर्मी हड़ताल पर हैं। पूरे प्रदेश में बैंकों की 7 हजार से ज्यादा ब्रांच में ताले लटके दिखे। एक ही दिन में लाखों-करोड़ रुपए के कारोबार पर असर पड़ेगा।**



यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर यह हड़ताल की जा रही है। इंदौर सहित भोपाल, उज्जैन, जबलपुर-ग्वालियर समेत प्रदेशभर की बैंकों में ताले लटके दिखाई दिए। इससे चेक क्लियर, लेन-देन जैसे कामों पर असर पड़ेगा, वहीं एटीएम में रुपयों की कमी भी हो सकती है। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के इंदौर संयोजक मोहन कृष्ण शुक्ला ने बताया कि मंगलवार को इंदौर के बैंककर्मियों ने जिला कोर्ट के पास इक्ट्ठा होकर रैली निकाली और गांधी हाल परिसर में पहुंचकर प्रदर्शन किया। महासचिव पंकज पोरवाल ने कहा कि सरकार द्वारा केंद्र व राज्य के कार्यालयों के अलावा वित्तीय संस्थान जैसे रिजर्व बैंक, एलआईसी, स्टॉक एक्सचेंज, मनी मार्केट और फॉरेन एक्सचेंज लेन-देन सप्ताहांत में बंद रहते हैं। इसी तर्ज पर बैंकिंग क्षेत्र में भी 5-दिवसीय कार्य सप्ताह लागू किया जाना चाहिए।

वर्तमान में बैंकों में 2015 से प्रत्येक माह के दूसरे और चौथे शनिवार को अवकाश दिया जाता है, जबकि बाकी सभी शनिवार कार्यदिवस की तरह काम लिया जाता है। बैंककर्मियों की 5-दिवसीय कार्य सप्ताह की मांग को लेकर यूनियनों और इंडियन बैंक एसोसिएशन के बीच दिसंबर 2023 में समझौता हुआ था, जिसमें शेष शनिवार के बदले कर्मचारियों को हर कार्यदिवस 40 मिनट अतिरिक्त काम करना था। यह समझौता 8 मार्च 2024 को केंद्र सरकार के अनुमोदन के लिए भेजा गया, लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बाद भी कोई निर्णय नहीं लिया गया। बैंक की हड़ताल का असर डिजिटल लेनदेन पर नहीं पड़ा। UPI, मोबाइल बैंकिंग और नेट बैंकिंग एटीएम जैसी डिजिटल सेवाएं 24x7 चालू काम करती रही। इस संबंध में जानकारी देते हुए यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि सरकारी क्षेत्र की 12 प्रमुख बैंकों के अधिकारी और कर्मचारी हड़ताल में शामिल होंगे। इनमें बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, केनरा बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शामिल हैं। हड़ताल के चलते इन बैंकों में सामान्य कामकाज प्रभावित रहने की संभावना है। वहीं, निजी क्षेत्र के बैंकों में भी इसका असर देखने को मिल सकता है, जिससे ग्राहकों को लेनदेन, चेक क्लियरेंस और अन्य बैंकिंग सेवाओं में परेशानी हो सकती है। यूनियन की प्रमुख मांग बैंकिंग उद्योग में सप्ताह में पांच कार्य दिवस (वीकली फाइव-डे वर्किंग) लागू करने की है। वर्तमान व्यवस्था के तहत बैंक कर्मचारियों को केवल दूसरे और चौथे शनिवार को अवकाश मिलता है, जबकि अन्य शनिवारों को काम करना होता है। यूनियन का कहना है कि सभी शनिवारों को अवकाश घोषित किया जाए और कार्यदिवस सोमवार से शुक्रवार तक सीमित रखते हुए कार्य घंटे समायोजित किए जाएं।

# अ. भा. बलाई महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार का भव्य स्वागत एवं सम्मान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मुसाखेड़ी स्थित सांवरिया धाम मंदिर परिसर के निकट पाल धर्मशाला में नगर इकाई के गठन हेतु आयोजित कार्यक्रम अत्यंत गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मनोज परमार शामिल हुए एवं शुभारंभ संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाजजन को संबोधित करते हुए नव निर्वाचित पदाधिकारी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई तथा समाजसेवा के मूल्य सिद्धांतों, संगठनात्मक अनुशासन एवं सामाजिक दायित्वों पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए गए। यह आयोजन संगठन की एकता , सामाजिक समर्पण एवं सकारात्मक सोच के साथ समाज को नई दिशा प्रदान करने वाला प्रेरणादायी उदाहरण सिद्ध हुआ, इस अवसर पर मुख्य रूप से, नितिन चंदेल,मलखान कटारिया पार्षद, किशोर सोलंकी,रमेश तोमर,उदय नागवे,राजेश कोचले,सुनील हिरवे,मनोज सुनेल मुख्य अतिथि, महेन्द्र सुनेल, रोहित अंजना,राहुल अंजना,सुनील कटारिया,राकेश गोयल,राजेश मेहरा,बबलू डाबर, सुमित सौराष्ट्रीय,जय प्रकाश मालवीय,रणजीत कनारे, लखन देपाले सहित सैकड़ों की संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार बोलरो ने खाई पलटी, युवक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर। सुपर कारिडोर पर सोमवार तड़के एक बोलेरो गाड़ी पलट खा गई। हादसे में करीब 4 लोग घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए निजी अस्पताल भेजा गया। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। सभी मान के प्रोग्राम में शामिल होने धार जा रहे थे।**

पुलिस के मुताबिक घटना सुपर कॉरिडोर की है। यहां पर बोलेरो नंबर एमपी13झेडवी3598 संतुलन बिगड़ने के चलते पलटी खा गई। इस दौरान इसमें बैठा दीपक(30) पुत्र नारायण ठाकुर निवासी छोटा नागदा की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सभी धार से इंदौर एक मान के प्रोग्राम में आ रहे थे। पुलिस को प्रारंभिक जानकारी में पता चला कि टायर फटने से हादसा हुआ है। सभी युवक शराब ठेकेदार के यहां काम करते हैं। 26 जनवरी की छुट्टी होने के चलते सभी एक साथ निकले थे। जानकारी के मुताबिक सभी शराब के नशे में थे। पुलिस हादसे को लेकर जांच कर रही है।

# राजपूत समाज के महाकुंभ में देशभक्ति व सामाजिक सुधार का संदेश दिया

## परिचय सम्मेलन में 6 हजार से अधिक समाजजन हुए शामिल, 78 रिश्ते तय, सौ से अधिक पर चल रही बात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राजपूत समाज द्वारा आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन में राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने, दहेजमुक्त एवं सादगीपूर्ण विवाह पद्धति अपनाने, नशामुक्त समाज निर्माण तथा बेटीयो की शिक्षा को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि मजबूत समाज से ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव है।**



राजपूत परिषद जिला इंदौर द्वारा चिमनबाग स्थित स्काउट ग्राउंड मैदान पर अखिल भारतीय विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया किया गया। जिसे समाज का महाकुंभ कहा गया। यह पूरा कार्यक्रम निःशुल्क किया गया तथा परिचय पुस्तिका परिणय- सेतु का विमोचन भी आयोजन स्थल पर ही किया गया। राजपूत परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर और जिला अध्यक्ष ठाकुर राम सिंह प ने बताया कि सम्मेलन में अतिथि के रूप में गुरु जी संत महामंडलेश्वर 1008 श्री राम जी महाराज अरण्य धाम, कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट, विधायक गोलू शुक्ला, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, जीवन सिंह शेरपुर करणी सेना परिवार, दीपेंद्र सिंह सोलंकी, ऋषि राज सिंह सिसोदिया, शैलेन्द्र सिंह झाला सहित समाज के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की दीप प्रज्वलन कर भगवान राम की स्तुति के साथ शुरू हुआ।

प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर ओर जिला अध्यक्ष राम सिंह दिखीत के अनुसार सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई और बड़ी संख्या में पंजीयन भी कराए गए। सम्मेलन का संचालन परिषद् की महिला विंग अध्यक्ष श्रीमती अर्पिता सिकरवार और उपाध्यक्ष श्री जय सिंह पंवार ने किया

सम्मेलन में कुंडली मिलान की व्यवस्था भी की गई। आयोजन में अरविंद सिंह ठाकुर, ठाकुर राम सिंह दिखीत, महेंद्र सिंह बैस, शैलेन्द्र सिंह दिखीत, ऋषभ सिंह चौहान, कार्तिक सिंह दिखीत, कुणाल सिंह दिखीत, संस्कार सिंह दिखीत, जय सिंह पवार ओर अर्पिता सिकरवार, सहित कई स्वजातीय प्रतिनिधियों का भी सहयोग रहा। संचालन जय सिंह पवार ओर अर्पिता सिकरवार ने किया। सम्मेलन के समापन पर समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल योग्य युवक-युवतियों को उचित मंच मिलता है, बल्कि समाज में जागरूकता, एकता और सकारात्मक सोच भी विकसित होती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवक-युवतियां, अभिभावक एवं समाजजन उपस्थित रहे।

# माता पूजन के दौरान हर्ष फायरिंग, 5 घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** राउ थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान गोली चलने की घटना सामने आई है, जिसमें पांच लोग घायल हो गए। राउ पुलिस के अनुसार घटना नयापुरा इलाके में सोमवार शाम की है। यहां विहीप नेता नंदकिशोर जाट की बेटी के माता पूजन कार्यक्रम का आयोजन था।

बताया जा रहा है कि सभी लोग सीतलामाता मंदिर से लौट रहे थे। इसी दौरान हर्ष फायर के लिए नंदकिशोर जाट ने अपनी 12 बोर की बंदूक मंगवाई। बंदूक देते समय एक 12 वर्षीय नाबालिग के हाथ से गलती से ट्रिगर दब गया, जिससे गोली चल गई। गोली के छर्रे हवा में फैल गए और आसपास खड़े करीब पांच लोग घायल हो गए। घायलों को तुरंत नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार इस्तेमाल की गई बंदूक लाइसेंसी बताई जा रही है।

# युवक पर बनाया धर्म परिवर्तन का दबाव, पीटा

**इंदौर।** खजराना थाना क्षेत्र में रहने वाले 22 वर्षीय युवक की शिकायत पर पुलिस ने उज्जैन निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने और मारपीट के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने मामले में आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। खजराना थाना प्रभारी मनोज सेंधव के अनुसार गणेश पुरी कॉलोनी निवासी युवक ने आरिफ शाह निवासी उज्जैन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी लंबे समय से उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहा था। पीड़ित युवक ने पुलिस को बताया कि दिसंबर 2025 में आरिफ शाह ने पहली बार उससे धर्म परिवर्तन को लेकर बात की थी। आरोपी ने कहा था कि धर्म बदलने पर उसे अच्छा पैसा मिलेगा। जब युवक ने इसे नजरअंदाज किया तो आरोपी ने यह कहकर दबाव बढ़ाया कि उसके परिवार को समाज में मान-सम्मान मिलेगा और उसे अच्छी नौकरी भी मिल जाएगी। इसके बाद आरोपी ने युवक पर खतना कराने का दबाव भी बनाया।

### सुप्रीम कोर्ट में महाकाल मंदिर की वीआईपी दर्शन याचिका खारिज, हाईकोर्ट का फैसला बरकरार रखा

# गर्भगृह में किसे प्रवेश मिलेगा कलेक्टर ही तय करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। उज्जैन के ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में नेताओं और वीआईपी को प्रवेश देने का मामला अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। इससे पहले इस मामले पर हाईकोर्ट में सुनवाई हो चुकी थी। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया और याचिका खारिज कर दी। इसके साथ ही इंदौर हाईकोर्ट का फैसला महाकाल मंदिर समिति पर लागू रहेगा, जिसमें उज्जैन कलेक्टर को यह अधिकार दिया गया था कि वे तय करें कि कौन वीआईपी है और कौन नहीं।**



दरअसल, महाकाल मंदिर में आम श्रद्धालुओं के गर्भगृह में प्रवेश पर रोक लगाए जाने के बाद इंदौर के अधिवक्ता चर्चित शास्त्री और दर्पण अवस्थी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि देशभर से लाखों श्रद्धालु महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें गर्भगृह के बाहर से ही दर्शन करने पड़ते हैं, जबकि नेता और प्रभावशाली लोग आसानी से गर्भगृह में प्रवेश कर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। मंगलवार को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा और याचिकाकर्ता को हाई कोर्ट जाने को कहा।

करीब छह महीने पहले इंदौर हाईकोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने स्पष्ट किया था कि गर्भगृह में किसे प्रवेश मिलेगा, यह तय करने का अधिकार उज्जैन कलेक्टर के पास है। अदालत ने कहा था कि यदि कलेक्टर किसी विशेष दिन किसी व्यक्ति को अनुमति देते हैं, तो उसे वीआईपी माना जाएगा।

### ढाई साल से बंद है गर्भगृह

दरअसल, 4 जुलाई 2023 को सावन महीने में आने वाली भारी भीड़ को देखते हुए महाकालेश्वर मंदिर का गर्भगृह 11 सितंबर 2023 तक बंद कर दिया गया था। उस समय मंदिर समिति ने कहा था कि सावन माह के समाप्त होते ही गर्भगृह आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा। लेकिन इसके बाद गर्भगृह खुला नहीं है। महाकाल लोक बनने से पहले मंदिर में रोजाना 20 से 30 हजार श्रद्धालु आते थे। अक्टूबर 2022 में महाकाल लोक बनने के बाद भक्तों की संख्या चार गुना बढ़कर डेढ़ से दो लाख तक पहुंच गई।

### सांसद और महापौर ने भी उठाई मांग

4 जुलाई 2023 से पहले श्रद्धालुओं को 1,500 रुपए की रसीद काटकर गर्भगृह में अभिषेक और पूजा-अर्चना करने की अनुमति मिलती थी। वर्तमान में गणेश मंडप, कार्तिकेय मंडप और नंदी हॉल से दर्शन करवाए जा रहे हैं, लेकिन आम श्रद्धालु गर्भगृह में प्रवेश नहीं कर पा रहे हैं। उज्जैन के मौजूदा सांसद अनिल फिरोजिया ने भी गर्भगृह आम श्रद्धालुओं के लिए खोलने की मांग की थी। उन्होंने पत्र जारी किया और सार्वजनिक मंच पर मुख्यमंत्री मोहन यादव से इस पर कदम उठाने का अनुरोध किया। दो हफ्ते पहले उज्जैन के महापौर ने भी दर्शन व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए और आम श्रद्धालुओं को गर्भगृह से दर्शन दिलाने की मांग की।

## नर्मदा में डूबे गुजरात के 2 दोस्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ओंकारेश्वर, एजेंसी।** ओंकारेश्वर में मंगलवार तड़के नर्मदा स्नान के दौरान बड़ा हादसा हो गया। मंदिर के पास ब्रह्मपुरी घाट पर नहाते समय गुजरात के वापी से आए दो दोस्त गहरे पानी में डूब गए। सूचना मिलते ही पुलिस और होमगार्ड के गोताखोरों ने रेस्क्यू शुरू कर दिया है, लेकिन अब तक दोनों का पता नहीं चल सका है। दोनों युवक अपने तीसरे दोस्त के साथ एमपी घूमने आए थे। पुलिस के मुताबिक, मनीष (22) और विवेक सिंह (22) निवासी वापी (गुजरात) अपने एक अन्य दोस्त के साथ सोमवार को उज्जैन महाकाल के दर्शन कर शाम को ओंकारेश्वर पहुंचे थे। उनका प्लान था कि सुबह 5 बजे मंदिर खुलते ही दर्शन कर वापस गुजरात निकल जाएंगे। इसीलिए वे रात 3 बजे ही ब्रह्मपुरी घाट पर स्नान करने पहुंच गए।

## चलती ट्रेन के 3 डिब्बे इंजन से अलग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा, एजेंसी।** छिंदवाड़ा से बैतूल जा रही पैसेंजर ट्रेन के साथ मंगलवार दोपहर बड़ा हादसा होते-होते बच गया। शहर के चार फाटक क्षेत्र के पास दोपहर करीब 12 बजे चलती ट्रेन की तकनीकी कपलिंग अचानक टूट गई। इससे ट्रेन के पीछे के तीन डिब्बे इंजन और बाकी ट्रेन से अलग होकर पीछे छूट गए। गनीमत रही कि ट्रेन की रफ्तार कम थी, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। चलते-चलते अचानक डिब्बे अलग होने से ट्रेन में जोरदार झटका लगा। इससे उसमें सवार यात्रियों में चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई। डिब्बे पटरी पर ही रुक गए, जबकि इंजन बाकी डिब्बों के साथ कुछ दूर आगे जाकर रुका। हालांकि, घटना में किसी भी यात्री को चोट नहीं आई है।

## 7 हजार बैंक शाखाओं में कामकाज ठप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** बैंकों में 5 डे वीक वर्किंग यानी, पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह की मांग को लेकर मंगलवार को एमपी के करीब 40 हजार बैंककर्मी हड़ताल पर हैं। इससे बैंकों की 7 हजार से ज्यादा ब्रांच में ताले लटके दिखे। एक ही दिन में लाखों-करोड़ रुपए के कारोबार पर असर पड़ेगा। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर यह हड़ताल की जा रही है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर-ग्वालियर समेत प्रदेशभर की बैंकों में ताले लटके दिखाई दिए। इससे चेक क्लियर, लेन-देन जैसे कामों पर असर पड़ेगा, वहीं एटीएम में रुपयों की कमी भी हो सकती है।

## मप्र के 15 जिलों में बारिश- आंधी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के आगर-मालवा, गुना और शाजापुर में मंगलवार को ओले गिरे। वहीं, 15 से ज्यादा जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग ने रात में भी करीब 18 जिलों में ओले, बारिश और आंधी का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, हरियाणा और आसपास के क्षेत्रों में एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) सक्रिय है। यहीं से ट्रफ भी गुजर रही है। यही वजह है कि आगर-मालवा, शाजापुर और गुना में ओले गिरे हैं। वहीं, गुना, शाजापुर, बड़वानी, छतरपुर, मंदसौर, रतलाम, अशोकनगर, भिंड, मुरैना, राजगढ़, शिवपुरी, ग्वालियर, टीकमगढ़, आगर-मालवा और शाजापुर में बारिश भी हुई। यहां सड़कों पर पानी बह निकला। रतलाम, शाजापुर और आगर जिलों में तेज आंधी से फसलें खेतों में ही बिछ गईं।

# सम्राट विक्रमादित्य के योगदान से नई पीढ़ी को परिचित कराना आवश्यक : मुख्यमंत्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सम्राट विक्रमादित्य के साहस और सृजन ने शौर्य और संगठन के नए प्रतिमान स्थापित करते हुए भारतीय संस्कृति को समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित विक्रमोत्सव में उनके व्यक्तित्व के सभी आयामों का प्रभावी प्रकटीकरण सुनिश्चित किया जाए।

नई पीढ़ी को सम्राट विक्रमादित्य के योगदान से परिचित कराना, भारतीय ज्ञान और सांस्कृतिक परंपरा की निरंतरता के लिए आवश्यक है। विक्रमोत्सव देश-प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत और सांस्कृतिक चेतना का प्रभावशाली प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिये कि आयोजन पूर्ण भव्यता, सुव्यवस्था और सांस्कृतिक



गरिमा के उच्चतम मानकों के अनुरूप हो। उन्होंने उज्जैन में होने वाले विक्रमोत्सव-2026 की तैयारियों के संबंध में समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में बैठक के दौरान यह निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयोजन की समग्र रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं विभागीय समन्वय की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन, अपर मुख्य सचिव संस्कृति श्री शिवशेखर शुक्ला तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन प्रदेश तथा अन्य राज्यों के प्रमुख नगरों में भी किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्कूल-कालेजों में सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उज्जैन में कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत हो रहे विक्रमोत्सव में कृषि पर केंद्रित प्रदर्शनी तथा अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएं। प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने, नरवाई के प्रबंधन, दुग्ध उत्पादक स्वस्थ पशुओं की प्रतियोगिता और उद्यानिकी को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित गतिविधियों को शामिल किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि सम्राट विक्रमादित्य के वैज्ञानिक पक्ष पर केंद्रित आयोजनों में विज्ञान महाविद्यालय, इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों को भी जोड़ा जाए। सम्राट विक्रमादित्य अलंकरण में भारत सरकार की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उसे भव्य और राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया जाए।

## प्रदेश में बिजली की मांग की शत-प्रतिशत आपूर्ति की जाएगी सुनिश्चित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बिजली का महत्व शरीर में प्राणों की समान है। जैसे समस्त गतिविधियों के संचालन के लिए शरीर में प्राण आवश्यक है, वैसे ही किसी भी राज्य की प्रगति और उन्नति के लिए पर्याप्त विद्युत उपलब्धता आवश्यक है। प्रदेश में 60 हजार करोड़ रूपए की लागत से 4 हजार मेगावॉट बिजली उत्पादन के लिए हुए समझौते प्रदेश के स्थाई विकास का आधार बनेंगे। इससे प्रदेश में कुल विद्युत उपलब्धता में बढ़ोत्तरी होने के साथ-साथ बिजली की मांग की शत-प्रतिशत आपूर्ति संभव होगी। डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ओन एंड ऑपरेट (डीबीएफओओ) मॉडल पर स्थापित होने वाले इन नए विद्युत संयंत्रों से लगभग 8 हजार लोगों को प्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में मंगलवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में 4 हजार मेगावॉट बिजली के पॉवर सप्लाई एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर हुए। अपर मुख्य सचिव श्री नीरज मंडलोई ने अनुबंध के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक श्री विशेष गढ़पाले तथा टोरेंट पॉवर लिमिटेड के श्री जिगिश मेहता, अदानी पॉवर लिमिटेड के श्री एस.बी. खिलया तथा हिन्दुस्तान थर्मल प्रोजेक्ट्स के श्री रतुल पुरी के बीच पॉवर सप्लाई एग्रीमेंट का आदान-प्रदान हुआ।

## अवैध पटाखा फैक्ट्री में भरा था 2 टन बारूद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, एजेंसी।** खंडवा पुलिस ने अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। मौके से करीब दो टन बारूद और रस्सियां मिली हैं।

एसपी मनोज कुमार राय ने कहा- अवैध फैक्ट्री सम्यक गोल्ड कॉलोनी के क्लब हाउस की छत पर चलाई जा रही थी। पुलिस जिस वक्त वहां पहुंची, विस्फोटक शिफ्ट करने की तैयारी चल रही थी। मौके पर एक पिकअप वाहन खड़ा था। उसके ड्राइवर को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ में ड्राइवर ने बताया है कि फैक्ट्री यूथ कांग्रेस में पूर्व प्रदेश प्रवक्ता प्रोफेसर इमरान परयानी की है। एसपी ने कहा- यह कॉलोनी करीब 15 साल पहले पूर्व मंत्री हीरालाल सिलावट की जमीन पर काटी गई थी। उस समय इसे हाईटेक स्तर पर डेवलप किया गया था, लेकिन फिलहाल यह खंडहर हालत में है। कॉलोनी में बिजली लाइन तक नहीं है। सूनेपन का फायदा उठाकर यहां अवैध रूप से विस्फोटक जमा कर पटाखे बनाए जा रहे थे।

## ज्ञान-विज्ञान

**केंटकी के टीजे हूवर द्वितीय को 2021 में ब्रेन डेड घोषित किया गया. ऑर्गन निकालने की सर्जरी के दौरान वह अचानक हिलने-डुलने और रोने लगा. सर्जरी रुक गई और वह जीवित बच गया, हालांकि न्यूरोलॉजिकल नुकसान पहुंचा है. यह दुर्लभ घटना मौत की परिभाषा, ब्रेन डेथ टेस्ट और ऑर्गन डोनेशन प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है.**

# मौत पर सवाल... ब्रेन डेड इंसान सर्जरी के दौरान कैसे हिलने-डुलने लगा?



एक चौंकाने वाली घटना ने मेडिकल फील्ड को सोचने पर मजबूर कर दिया है. केंटकी के एंथनी थॉमस टीजे हूवर द्वितीय (TJ Hoover II) नाम के एक व्यक्ति को 2021 में ड्रग ओवरडोज के बाद ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया था.

डॉक्टरों ने उनके ऑर्गन दान के लिए सर्जरी शुरू की लेकिन बीच में वह हिलने-डुलने और रोने लगा. सर्जरी रोक दी गई. टीजे जीवित बच गया, हालांकि अब उसे गंभीर दिमागी दिक्कत है. यह घटना अब मौत की परिभाषा, ब्रेन डेथ टेस्ट और ऑर्गन डोनेशन की प्रक्रिया पर बड़े सवाल खड़े कर रही है.

### क्या हुआ था टीजे के साथ?

न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार अक्टूबर 2021 में 33 साल के टीजे को ड्रग ओवरडोज से कार्डियक अरेस्ट हुआ. उन्हें केंटकी के बैपटिस्ट हेल्थ रिचमंड अस्पताल में भर्ती किया गया. सीपीआर और शॉक देने के बाद भी उनका दिल 35 मिनट तक नहीं चला. ब्रेन स्कैन में सूजन दिखी. डॉक्टरों ने कोई ब्रेन एक्टिविटी नहीं पाई. परिवार को बताया गया कि वह ब्रेन डेड है.

टीजे रजिस्टर्ड ऑर्गन डोनर थे. परिवार ने उनकी इच्छा का सम्मान करते हुए लाइफ सपोर्ट हटाने और ऑर्गन दान देने का फैसला किया. अस्पताल में ऑनर वॉक (सम्मान यात्रा) हुई, जहां स्टाफ ने उन्हें विदाई दी. टीजे की बहन डोना रोरर ने देखा कि उनकी आंखें खुलीं और लोगों को फॉलो कर रही थीं. डॉक्टरों ने कहा कि यह सिर्फ रिफ्लेक्स है, सामान्य बात है.

लेकिन ऑपरेशन थिएटर में जब ऑर्गन निकालने की तैयारी हो रही थी – शरीर को शेव किया जा रहा था, सर्जिकल शीट लगाई जा रही थी – टीजे अचानक हाथ-पैर पटकने लगा. रोने लगा. एक ऑर्गन प्रिजर्वेशनिस्ट नताशा मिलर ने देखा कि वह जिंदा लग रहा था. डॉक्टरों ने सर्जरी रोक दी. टीजे को वापस ICU ले गए.

हफ्तों बाद वह अस्पताल से घर लौटा. आज वह चल-फिर सकता है. खुद खा सकता है. बात कर सकता है, लेकिन याददाश्त बहुत कमजोर है. उसकी बहन डोना अब उसकी कानूनी अभिभावक हैं.

### मौत की परिभाषा पर सवाल क्यों?

ब्रेन डेथ क्या है? ब्रेन डेथ का मतलब है कि मस्तिष्क पूरी तरह बंद हो गया है – कोई रिफ्लेक्स, कोई ब्रेन वेव नहीं. अमेरिका में इसे कानूनी मौत माना जाता है, भले ही दिल मशीन से चल रहा हो.

लेकिन इस केस में टीजे को डोनेशन आफ्टर सर्कुलेटरी डेथ (DCD) के तहत तैयार किया गया था, जहां दिल रुकने के बाद ऑर्गन निकाले जाते हैं, न कि ब्रेन डेथ के बाद.

जांच में पता चला कि कई बार मरीजों में जीवन के संकेत दिखते हैं, लेकिन ऑर्गन प्रोक्योरमेंट ऑर्गनाइजेशन (जैसे KODA) दबाव डालता है कि प्रक्रिया जारी रखी जाए.

अमेरिकी सरकार की जांच (HRSA) में 350 मामलों की जांच हुई. 73 मामलों में मरीजों में चेतना के संकेत थे, लेकिन प्रक्रिया नहीं रोकी गई. कुछ मरीज दर्द या परेशानी दिखा रहे थे.

### मौत तुरंत नहीं होती?

हाल के अध्ययनों में देखा गया है कि दिल रुकने के बाद भी कुछ मिनटों तक गामा ब्रेन वेव्स (जो याददाश्त और चेतना से जुड़ी हैं) बढ़ सकती हैं. निकट-मृत्यु अनुभव (NDE), जागने के मामले और ब्रेन एक्टिविटी के सबूत बताते हैं कि मौत लाइट्स आउट जैसी तुरंत नहीं होती. यह धीरे-धीरे हो सकती है.

### इससे ऑर्गन डोनेशन के नियमों पर बहस छिड़ गई है...

क्या ब्रेन डेथ टेस्ट सही हैं?
क्या मरीजों को ज्यादा समय देना चाहिए?
क्या ऑर्गन प्रोक्योरमेंट ऑर्गनाइजेशन पर ज्यादा निगरानी होनी चाहिए?

### क्या प्रभाव पड़ा?

इस केस के बाद अमेरिका में ऑर्गन डोनर रजिस्ट्री से नाम हटाने वालों की संख्या बढ़ गई. कई लोग डर गए. लेकिन ऑर्गन डोनेशन संगठन कहते हैं कि ऐसे मामले बहुत दुर्लभ हैं. फिर भी यह घटना डॉक्टरों, वैज्ञानिकों और नीति-निर्माताओं को सोचने पर मजबूर कर रही है कि जीवन और मौत के बीच की रेखा उतनी साफ नहीं है जितनी हम सोचते हैं.



## संपादकीय

# क्या 'राजनीतिक पिछड़ापन' बदल देगा आरक्षण की परिभाषा?

भारतीय लोकतंत्र के सफर में आरक्षण हमेशा से एक संवेदनशील और विमर्श का विषय रहा है। अमूमन आरक्षण का आधार सामाजिक और शैक्षिक पिछड़ेपन (SEBC) को माना जाता रहा है, लेकिन हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में दायर एक याचिका ने इस बहस को एक बिल्कुल नए धरातल पर खड़ा कर दिया है। गैर-सरकारी संगठन 'यूथ फॉर इक्वालिटी' की याचिका ने सवाल उठाया है कि क्या ब्राह्मण जैसा सामाजिक रूप से 'उन्नत' माना जाने वाला वर्ग राजनीतिक रूप से पिछड़ा (PBC) हो सकता है? और क्या इस आधार पर उन्हें स्थानीय निकायों (पंचायतों और नगर पालिकाओं) में आरक्षण मिलना चाहिए? याचिका का मूल तर्क वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन द्वारा पेश की गई वह दलील है, जिसमें कहा गया है कि सामाजिक प्रतिष्ठा और शैक्षिक मजबूती का मतलब यह कतई नहीं है कि उस वर्ग की राजनीति में भी उतनी ही पैठ हो। विशेष रूप से जमीनी लोकतंत्र यानी पंचायतों में, कई जगहों पर कुछ समुदायों की उपस्थिति न के बराबर है। सुप्रीम कोर्ट के 2010 के 'के कृष्ण मूर्ति' मामले का हवाला देते हुए यह तर्क दिया गया कि 'सामाजिक और आर्थिक पिछड़ापन जरूरी नहीं कि राजनीतिक पिछड़ेपन के समान हो।' मुख्य न्यायाधीश (CJI) सूर्यकांत की पीठ ने इस मुद्दे की गंभीरता को स्वीकार करते हुए जांच की सहमति दी है। हालांकि, कोर्ट ने प्रथम दृष्टया एक महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण भी दिया कि आमतौर पर राजनीतिक पिछड़ापन उन्हीं समूहों में पाया जाता है जो सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े हैं। संविधान के अनुच्छेद 243-D(6) और 243-T(6) राज्यों को पिछड़े वर्गों के लिए स्थानीय निकायों में आरक्षण की शक्ति देते हैं। अदालत अब इस 'बारीक लकीर' की जांच करेगी कि क्या कोई वर्ग नौकरियों और शिक्षा में तो 'अगड़ा' हो सकता है, लेकिन चुनावी राजनीति के अखाड़े में 'पिछड़ा'? यदि सुप्रीम कोर्ट इस तर्क को स्वीकार करता है, तो यह 15 साल पुराने उस फैसले का वास्तविक कार्यान्वयन होगा जिसे राज्यों ने अब तक नजरअंदाज किया है। अब तक राज्य सरकारें केवल SEBC (जो पहले से नौकरियों/शिक्षा में आरक्षित हैं) को ही राजनीतिक आरक्षण का लाभ देती रही हैं। याचिकाकर्ता का मानना है कि 'सार्वजनिक पिछड़ा वर्ग' (PBC) की पहचान नए सिरे से होनी चाहिए, जिसमें केवल जाति नहीं, बल्कि निर्वाचित प्रतिनिधियों की संख्या को पैमाना बनाया जाए। यह मामला केवल ब्राह्मणों या किसी एक समुदाय तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रतिनिधित्व के उस सिद्धांत पर प्रहार करता है जहाँ 'शक्ति' का बंटवारा केवल पारंपरिक मानदंडों पर आधारित है। यदि 'राजनीतिक पिछड़ेपन' को एक स्वतंत्र श्रेणी के रूप में स्थापित किया जाता है, तो यह भारतीय चुनावी राजनीति और आरक्षण के ढांचे में एक युगांतरकारी बदलाव होगा। महाराष्ट्र सरकार से मांगा गया जवाब इस दिशा में पहली बड़ी हलचल है।

New Delhi

# उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे की पार्टी ने किया गठबंधन, महाराष्ट्र के इस चुनाव में आए साथ

**मुंबई, (एजेंसी)** महाराष्ट्र में नए सियासी समीकरण आकार ले रहे हैं। खबर है कि अब उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे की शिवसेना (UBT) ने हाथ मिला लिया है। हालांकि, यह गठबंधन जिला परिषद चुनाव के लिए ही हैं। इधर, शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत का कहना है कि इस संबंध में और जानकारी जुटाई जा रही है। कहा जा रहा है कि क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के दबदबे को कमजोर करने के इरादे से गठबंधन किया गया है।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, सोलापुर जिले के बार्शी तालुका में जिला परिषद चुनाव के लिए दोनों दल



साथ आए हैं। खास बात है कि गठबंधन में डिप्टी सीएम अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और वरिष्ठ नेता शरद पवार की राकंपा (एसपी) भी शामिल है। शिवसेना (यूबीटी) के बार्शी विधायक दिलीप सोपाल ने इसकी जानकारी दी है। खास बात है कि सीट शेयरिंग फॉर्मूले पर भी मुहर लग गई है।

राज्यसभा सांसद संजय राउत का कहना है कि स्थानीय स्तर पर हो रहे घटनाक्रमों के बारे में पार्टी नेतृत्व को पूरी जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा विरोधी ताकतों के बार्शी में एकजुट होने के संकेत थे, लेकिन इस संबंध में जानकारी ली जा रही है। खबर है कि पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे को भी इसकी जानकारी नहीं है।

Uttarakhand

## चार धामों पर स्थिति हो गई साफ, हिंदुओं के साथ सिख, बौद्ध और जैन को ही एंट्री



**देहरादून, (एजेंसी)** उत्तराखंड के चार धामों में गैर हिंदुओं के प्रवेश को लेकर गंगोत्री मंदिर समिति समेत बीकेटीसी की ओर से स्थिति साफ की गई है। हिंदुओं के साथ सिख, जैन और बौद्ध धर्म वालों को प्रवेश मिलेगा। उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स ने इस फैसले को सही ठहराया है। कहा कि जिनकी देवी-देवताओं पर आस्था नहीं है, उनका चारधाम में क्या काम है।

बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा कि केदारनाथ और बदरीनाथ धाम कोई पिकनिक स्पॉट नहीं हैं, बल्कि सनातन परंपरा के सर्वोच्च आध्यात्मिक केंद्र हैं। संविधान के अनुच्छेद 25 में स्पष्ट है कि सिख, जैन, बौद्ध सनातन परंपरा के अंग हैं। अनुच्छेद 26 हमें यह अधिकार देता है कि हम अपनी धार्मिक परंपराओं और पूजा-पद्धति की रक्षा करें। यह निर्णय किसी के खिलाफ नहीं, बल्कि सदियों पुरानी आस्था, अनुशासन और शुद्धता के संरक्षण के लिए है। उत्तराखंड में पर्यटन के लिए हजारों स्थल खुले हैं, ऐसे में धामों की पहचान बदलना आस्था के साथ अन्याय होगा। जो व्यक्ति सनातन परंपरा में आस्था रखता है, वह अपनी आस्था के अनुसार आगे बढ़ सकता है, लेकिन धाम की मूल धार्मिक पहचान से समझौता नहीं किया जा सकता।

गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेश सेमवाल ने कहा कि हिंदुओं के अलावा सिख समाज के लोग भी दर्शन को आ सकते हैं।

Uttarpradesh

## झाड़ू-पोंछा कर चलाती थी घर... काम से लौटते वक्त चाकू से गोदकर महिला की हत्या, पति गिरफ्तार

**मेरठ, (एजेंसी)** मेरठ के थाना मेडिकल क्षेत्र में 26 जनवरी की रात एक महिला की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान समीना उर्फ मीनू के रूप में हुई, जो लिसाड़ी गेट के इत्तेफाक नगर की रहने वाली थी। परिजनों ने मृतका के पति के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया। पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

दरअसल, महिला शमीना की शादी 20 साल पहले भवनपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले वकील नाम के व्यक्ति से हुई थी। कुछ समय से दोनों के बीच विवाद चल रहा था और पति-पत्नी अलग रहने लगे थे। पति से अलग होने के बाद समीना एक प्राइवेट अस्पताल में झाड़ू-पोंछा कर गुजारा कर रही थी।

सोमवार रात करीब 8:30 बजे वह अस्पताल से ड्यूटी कर घर लौट रही थी। आरोप है कि इसी दौरान मेडिकल थाना क्षेत्र में उसके पति वकील ने रास्ते में रोककर उस पर चाकू से कई वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल समीना की मौत हो गई।

Jammu & Kashmir

## उधमपुर हादसे में सीआरपीएफ जवान समेत 4 की मौत

**उधमपुर, (एजेंसी)** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर उधमपुर के खैरी इलाके में आज एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ। एक तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार हो गई जिसमें चार लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में एक सीआरपीएफ (CRPF) का जवान भी शामिल है जो छुट्टी लेकर अपने घर जा रहा था। इस हादसे ने पूरे इलाके को सन्न कर दिया है और हाईवे पर चीख-पुकार मच गई।




हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और पुलिस ने मिलकर घायलों को बस से बाहर निकाला. अस्पताल में भर्ती कई यात्रियों की हालत नाजुक बताई जा रही है. पुलिस विभाग ने मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया है, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है.

खेल

### वहिन मल्होत्रा-वैभव सूर्यवंशी की बल्लेबाजी, आयुष म्हात्रे की गेंदबाजी...

## भारत ने U-19 वर्ल्ड कप में जम्बिाब्वे को 204 रनों से धोया

**बुलावायो, (एजेंसी) आईसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर सिक्स राउंड में भारत अंडर-19 ने जिम्बाब्वे अंडर-19 को 204 रनों से धो दया। यह मुकाबला सुपर सिक्स ग्रुप 2 का छठा मैच रहा थां. मुकाबले में टॉस जिम्बाब्वे की टीम ने जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था.**

भारतीय टीम ने इस मुकाबले में पहले खेलते हुए 50 ओवर्स में 352/8 का स्कोर खड़ा किया. जवाब में खेलने उतरी जम्बिाब्वे की टीम महज 148 रनों 37.4 ओवर्स में समिट गई. इस जीत के बाद भारत ने सेमीफाइनल की ओर एक कदम बढ़ाया है. भारत ने पहले खेलते हुए मल्होत्रा ने शतक और वैभव सूर्यवंशी और अभिज्ञान कुंडु ने अर्धशतकीय पारियों की बदौलत विशाल स्कोर खड़ा किया.

बाद में बल्लेबाजी में असलफल रहे भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे ने कमाल की गेंदबाजी की और 4 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट लिए. इसके अलावा उद्धव मोहन को भी 3 सफलताएं मिलीं. भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में फलिहाल अजेय है. इस मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी और आरोन जॉर्ज ओपनगि करने आए. दूसरे ही ओवर में जॉर्ज और वैभव ने माइकल ब्लगिनॉट के ओवर में मलिकर 15 रन कूट दिए. दोनों ने मलिकर 4 ओवर में 44 रन बनाए, लेकिन आरोन जॉर्ज एक



हवाई शॉट खेलने के चक्कर में पनाशे मजाई की गेंद पर पांचवें ओवर की पहली गेंद पर कैच थमा बैठे. भारत ने 6 ओवर में 59 रन बनाए. वहीं वैभव ने भी इस मुकाबले में एकबार फरि तूफानी बल्लेबाजी की और महज 24 गेंदों में अपना अर्धशतक जड़ दिया. वैभव ने अपना अर्धशतक 4 छक्कों और 4 चौकों की मदद से पूरा किया. वहीं भारतीय टीम ने महज 11वें ओवर की पहले गेंद पर 100 रन पूरे किए. इसी ओवर में आयुष म्हात्रे 21 रन बनाकर तातेंडा चिमुगोरो की गेंद पर वकिट के पीछे कैच थमा बैठे. तातेंदा ने फरि इसी ओवर में वैभव सूर्यवंशी की तूफानी पारी भी अंत कर दी. वैभव 52(30) [4 चौके, 4 छक्के] रन पर आउट हुए. वेदांत त्रविदी भी 15 रन बनाकर तातेंडा का शकिार बने. वहिन मल्होत्रा और अभिज्ञान कुंडु के बीच शानदार 113 रनों की पार्टनरशपि हुई. लेकिन 243 के स्कोर पर अभज्ञिान 61 रन पर सिम्बाराशे मुडजेंगरेरे की गेंद पर आउट हुए, इस तरह भारतीय टीम को 243 पर पाचवां झटका 36 ओवर की तीसरी गेंद पर लगा. सिम्बाराशे ने इसके बाद कनष्कि चौहान को भी 3 रन पर वकिटकीपर नैथेनियल ह्लाबंगना के हाथों कैच आउट करवाया. विहान मल्होत्रा 109 नाबाद (107 गेंद) एकतरफ से बल्लेबाजी पर अंत तक जमे रहे. उन्होंने आरएस अंबरीश (21) और खनिन पटेल (31) के साथ उपयोगी पार्टनरशपि की. जम्बिाब्वे की टीम की ओर से तातेंडा चिमुगोरो सफल गेंदबाज रहे और उन्होंने 3 विकेट झटके. वहिान का शतक अंडर 19 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम का पहला शतक रहा.

जिम्बाब्वे अंडर-19 टीम निर्धारित 50 ओवर भी पूरे नहीं खेल सकी और 37.4 ओवर में 148 रन पर ऑलआउट हो गई. भारतीय अंडर-19 गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विपक्षी बल्लेबाजी को लगातार दबाव में रखा. जिम्बाब्वे की शुरुआत बेहद खराब रही. ओपनर नैथेनियल ह्लाबंगना बिना खाता खोले आउट हो गए. इसके बाद ध्रुव पटेल (8 रन) और ब्रैंडन सेनजेरे (3 रन) भी जल्दी पवेलियन लौट गए. मिडिल ऑर्डर में कियान ब्लिगनॉट ने 73 गेंदों में 37 रन बनाकर कुछ संघर्ष दिखाया, जबकि लीरॉय चिवौला ने सबसे ज्यादा 62 रन की पारी खेली.

सिनेमा

## 'बॉर्डर 2' में दिखे अक्षय खन्ना, मेकर्स ने उठाया 'धुरंधर' की सफलता का फायदा? प्रोड्यूसर ने दिया जवाब



सनी देओल की फिल्म 'बॉर्डर 2' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है. इस पिक्चर के कई सीन वायरल हो रहे हैं. 'बॉर्डर 2' के एंड-क्रेडिट्स सीन में अक्षय खन्ना को देखा गया. अक्षय के कैमियो ने सोशल मीडिया पर खूब चर्चा बटोरी है. इस बीच फिल्म के मेकर्स ने इस बात को खारिज कर दिया है कि यह हालिया फिल्म 'धुरंधर' की सफलता का फायदा उठाने के लिए आखिरी समय में जोड़ा गया था. डायरेक्टर अनुराग सिंह के निर्देशन में बनी 'बॉर्डर 2', गणतंत्र दिवस के लॉन्ग वीकेंड पर रिलीज हुई है. 23 जनवरी को ये फिल्म थिएटर्स में आई थी और इसे दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला. 'बॉर्डर 2' के एंड-क्रेडिट्स में एक छोटा-सा सीक्वेंस है, जिसमें अक्षय खन्ना आर्काइवल-स्टाइल में सुनील शेट्टी, पुनीत इस्सर और सुदेश बेरी के साथ नजर आते हैं. इन सभी एक्टर्स के किरदार 1997 की फिल्म 'बॉर्डर' में मारे गए थे. दर्शकों ने इस सीन के क्लिप्स ऑनलाइन शेयर किए, जिससे चर्चा शुरू हुई कि क्या अक्षय का कैमियो 'धुरंधर' की सफलता के बाद ध्यान आकर्षित करने के लिए रिएक्टिव तरीके से जोड़ा गया है. न्यूज18 से बात करते हुए 'बॉर्डर 2' के को-प्रोड्यूसर भूषण कुमार ने साफ किया कि यह कैमियो कोई अवसरवादी कदम नहीं था.

## Highlights

1. White House blames Democrats after Minneapolis killings
2. Govt issues statement after Nipah virus cases detected in WB
3. Singer Anjali makes 'rape' remarks against Amruta Fadnavis during event; FIR filed
4. Raj college principal says Pak is India's elder brother, clarifies after backlash
5. What was served at Rashtrapati Bhavan banquet for EU leaders?
6. 6 people go missing as boat capsizes in Brahmaputra river in Assam

# India-EU FTA removes import duty on textile, leather in relief from 50% US tariffs



**NEW DEIHI, (Agency).** The India-EU trade deal has eliminated tariff on Indian textile and leather exports to the European Union, in what is seen as significant relief to the sectors battered by 50% import duty imposed by the US.

The new tariff rates are:

Textile, Apparel and Clothing: 0% tariff vs 12% earlier

Leather and Footwear: 0% tariff from 17% earlier

India-EU FTA: Impact on textile Industry

The 0% import duty makes Indian apparel and textile meaningfully cheaper on European shelves—that means larger orders for Indian garment makers in the manufacturing hubs of Tirupur in Tamil Nadu to Ludhiana in Punjab, people familiar with the matter said.

Essentially, Indian garment makers now have full access to EU's $263.5-billion textile market, where exports are currently valued at $7.2 billion.

India-EU FTA: Impact on leather industry

The 0% import duty will allow EU's $100-billion leather and footwear industry to increase sourcing from India—notably from the clusters of Agra-Kanpur in Uttar Pradesh and Vellore-Ambur in Uttar Pradesh—thereby creating formal jobs and new enterprises in these regions.

Improved competitiveness—due to demand for mid- to premium leather goods—can lift exports across tanning, finishing, and footwear manufacturing.

# Dario Amodei explains 'death race', and Canva's 101st language



**NEW DEIHI, (Agency).** Cognitive warmup. For the lack of a more apt descriptor, I still call Canva a unique visual communication platform, and one that I find relevance with almost every other day as part of my work.

Their AI layer has remained very relevant, which the Creative OS and Affinity app underline rather well for different creative workflows, and something co-founder and Chief Operating Officer Cliff Obrecht also illustrated in detail with the example of tools such as Canva Code. Now, Canva's done something that may catch on. Or not. Time will tell. But they call this a new language setting called English (chronically online), and this becomes Canva's 101st supported language.

"Users increasingly prompt Canva AI with phrases like 'main character energy', and Canva is meeting them halfway, recognising that the way people speak online can be a functional, familiar shortcut that leads to creativity," is how Canva explains this. Now, the cool kids can use phrases such as "slay" and "spill the tea" in their prompts and interactions with Canva AI. Rather worryingly, Canva also reminds us that "by 2030, Gen Z will make up nearly 30% of the US workforce"—and I'm assuming it will be a similar statistic in most other countries including India.

# कार में पुजारी का शव मिला

## सिर में लगी थी गोली, कांच तोड़कर खोला गेट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। महालक्ष्मी नगर इलाके में मंगलवार सुबह 5 बजे एक पुजारी का शव कार में मिला है। बताया जा रहा है कि कार अंदर से लॉक थी, जिसे पुलिस ने शीशे तोड़कर खोला। मौके से एक पिस्टल भी बरामद हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।**

खजराना पुलिस के मुताबिक सतीश शर्मा (36) पुत्र कैलाश शर्मा का शव सुबह करीब 5 बजे महालक्ष्मी नगर के एक सुनसान इलाके में खड़ी कार में मिला। उनके सिर में गोली लगी थी। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेज दिया गया है। सतीश शर्मा मूल रूप से अशोक नगर जिले के रहने वाले थे। इंदौर



में लसूड़िया मोरी स्थित एक मंदिर में पुजारी थे। परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। सतीश सोमवार देर शाम पत्नी से पाटनीपुरा से पूजा का सामान लेने की बात कहकर घर से निकले थे,। रात करीब 11 बजे उनके रिश्तेदारों को फोन आया, जिसके बाद परिजन ने उनकी तलाश शुरू की और पुलिस को भी सूचना दी। मंगलवार सुबह उनकी कार महालक्ष्मी नगर क्षेत्र में मिली। फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है कि सतीश शर्मा ने खुद को गोली मारी है या उन पर किसी ने हमला किया है। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक पुजारी सतीश शर्मा की इलाके में रहने वाली एक लड़की से दोस्ती थी। इसके चलते परिवार में तनाव चल रहा था। सोमवार को भी उनकी बात लड़की से हुई थी। पुलिस के मुताबिक लड़की पुजारी को ब्लैकमेल तो नहीं कर रही थी, इनकी जांच की जा रही है। मामला सुसाइड का है।

# रिटायर्ड पुलिसकर्मी के बेटे की हत्या

## ● बाइक की मामूली टक्कर बनी मौत की वजह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। एरोड्रम थाना क्षेत्र स्थित शुभम पैलेस कॉलोनी में बाइक की टक्कर को लेकर हुए विवाद में एक रिटायर्ड पुलिसकर्मी के बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी गई। चार बदमाशों ने मिलकर युवक पर जानलेवा हमला किया, जिसमें गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। टीआई तरुण सिंह भाटी को सूचना मिली कि शुभम पैलेस कॉलोनी निवासी संजय सिंह बेस, उनके भांजे आरव सिंह बिष्ट और भाई तेजपाल सिंह रावत पर कुछ बदमाशों ने हमला किया है। परिजन सभी घायलों को तुरंत मालवा अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां देर रात उपचार के दौरान संजय सिंह बेस ने दम तोड़ दिया। मृतक संजय के भाई तेजपाल सिंह ने बताया कि संजय अपने भांजे और भतीजे के साथ डी-मार्ट जा रहे थे। इसी दौरान घर की गली के कोने पर शराब पी रहे दो युवकों से उनकी बाइक टकरा गई, जिस पर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर संजय ने फोन कर परिजनों को मारपीट की जानकारी दी। तेजपाल ने बताया कि मुझे जानकारी मिली तो मैं वहां पर पहुंचा। कुछ समय बाद आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ वापस लौटे और लोहे की रॉड, पत्थरों और डंडों से तीनों पर हमला कर दिया। इस हमले में संजय सिंह को गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी हालत बिगड़ गई और अस्पताल में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने देर रात कार्रवाई करते हुए यादव और उसके एक अन्य साथी को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी दो आरोपियों की तलाश के लिए अलग-अलग पुलिस टीमें गठित की गई हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही सभी आरोपियों को हिरासत में ले लिया जाएगा। मृतक संजय सिंह के पिता रिटायर्ड पुलिसकर्मी हैं और वर्तमान में जिला न्यायालय में मुंशी के रूप में कार्यरत थे। परिजनों ने बताया कि संजय अविवाहित थे। घटना के बाद कॉलोनी में दहशत और परिवार में शोक का माहौल है।

डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

विज्ञापनों और ख़बरों के लिए बड़ा धमाका!

अब अपने व्यापार, ईवेंट या जाहिर सूचना को पहुँचाएँ जन-जन तक।

सेवाएँ: समाचार, विज्ञापन, जाहिर सूचना और कानूनी नोटिस।

रेट: बाज़ार में सबसे कम (न्यूनतम दर)।

अपनी फाइल अभी भेजें और उचित स्थान पाएँ।

संपर्क:
मनीष धार्मिक
मो. 9770313335

शादी से पहले की जांच हो या किसी कोर्ट केस से संबंधित सबूतों की जरूरत....

व्यक्तिगत-व्यापारिक जीवन में कोई शंका या सबूत की जरूरत.....

कहीं किसी के द्वारा धोखा या छल तो नहीं किया जा रहा...

जांचिए ! परखिये !!

ऐसे सारी परिस्थितियों के लिए

"डिटेक्टिव" को अपना मित्र बनाए ...

गोपनीयता और विश्वनीयता के साथ जांच करवाएं.....तब निर्णय करें।

समाज में जागरुकता फैलाये।

FOLLOW US

DETECTIVE GROUP
Detecting the truth.

091110 50101 | www.detectivegroup.in | www.detectivesgroup.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक